>

Title: Regarding proposed 'rail roko' agitation by district Chamber of Commerce and Industry against lack of railway amenities in Korba, Chhattisgarh.

**श्रीमती करुणा शुक्ला (जाँजगीर):** माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री, श्री लालू प्रसाद जी का ध्यान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले की ओर आकृष्ट करना चाहती हूं। कोरबा जिला मिनी भारत के नाम से जाना जाता है, जहां सभी राज्यों के लोग रहते हैं। वहां रेल सुविधाओं की कमी है। वहां से 12 करोड़ रुपए यात्री टिकिट और 3000 करोड़ रुपए माल भाड़ा, राजस्व के रूप में बिलासपुर मंडल को मिलते हैं, लेकिन कोरबा स्टेशन से सिर्फ तीन लोकल, एक लिंक और हफ्ते में दो दिन कोचीन एक्सप्रैस चलती है। हमारे उस स्टेशन को "बी" की जगह "डी" श्रेणी का कर दिया गया है, जिसके कारण लोगों में आक्रोश व्याप्त है। चैम्बर ऑफ कॉमर्स के लोगों ने एक 'रेल एक्शन कमेटी' बनाई है, जो विभिन्न चरणों में आन्दोलन, धरना और प्रदर्शन कर रही है। कमेटी ने 9 सितम्बर को प्रातः 9.00 बजे से लेकर सायं 5.00 बजे तक 'रेल रोको आन्दोलन' का कार्यक्रम रखा है। ...(व्यवधान)

* Not recorded

**सभापति महोदय :** केन्द्र सरकार से आपकी क्या मांग है, वह बताइए?

**श्रीमती करुणा शुक्ला : सभापति** जी, मैं वही बता रही हूं। माननीय रेल मंत्री जी से मैं निवेदन करूंगी कि उनका आन्दोलन कहीं उग्र रूप धारण न कर ले, कोई दुर्घटना घटित न हो जाए तथा लोगों का आक्रोश इस हद तक न बढ़ जाए कि रेल संपत्ति का नुकसान हो, जन हानि हो, इसलिए कमेटी की मांगों की ओर तत्काल ध्यान दिया जाए। यदि वहां कोई दुर्घटना घटित होती है, तो इसके लिए जिम्मेदार निश्चित रूप से रेल विभाग होगा। इस आक्रोश को रोकने के लिए वहां रेल सुविधाएं बढ़ाई जाएं और जो रेल एक्शन कमेटी बनी है, उसकी मांगों को तत्काल पूरा किया जाए।